# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 30 सितंबर 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




GK SEARCH ENGINE



Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

**Rajasthan Current Affairs**

**by GK Search Engine**

GET IT ON Google Play

**Download App**

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान के किस अस्पताल में जल्द ही रोबोटिक तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा?**

(A) पीबीएम अस्पताल, बीकानेर

**(B) सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर**

(C) एम्स, जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

- *राजधानी जयपुर स्थित सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में जल्द ही रोबोटिक तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा।*
- *यह ऑपरेशन अगले माह के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है और इसके साथ ही एसएमएस अस्पताल चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने वाला है।*
- *अस्पताल अब उत्तर भारत में सबसे अधिक किडनी ट्रांसप्लांट करने वाला संस्थान बन चुका है।*
- *पारंपरिक ट्रांसप्लांट प्रक्रियाओं के साथ अब रोबोटिक सर्जरी को जोड़ा जा रहा है, जिससे मरीजों को अधिक सटीक, कम दर्दनाक और तेज रिकवरी वाला इलाज मिल सकेगा।*

## Yesterday Revision

. हाल ही में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी का कार्यकाल कितने महीने के लिए बढ़ा दिया गया है?-3 महीने

. राजस्थान में कोचिंग सेंटर नियंत्रण कानून 2025 के अनुसार अब कितने छात्र होने पर उसे कोचिंग संस्थान माना जाएगा?- 100

. भारत सरकार ने जोधपुर, उदयपुर, कोटा और बीकानेर में स्पाइन इंजरी सेंटर स्थापित करने के लिए कितने करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं?-10 करोड़ रुपये

. एशियन अंडर-17 यूथ बालक हैंडबॉल चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान से किसका चयन भारतीय टीम में किया गया?- कार्तिक & दुष्यंत शर्मा

. अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर तक कहां आयोजित होगा?- जयपुर

01. हाल ही में 13वां राजस्थान फिल्म फेस्टिवल 20 सितंबर को कहां आयोजित हुआ था ?

(A) जोधपुर

(B) उदयपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ हाल ही में 13वां राजस्थान फिल्म फेस्टिवल 20 सितंबर को जयपुर में आयोजित हुआ था

⭕ राजस्थान फिल्म फेस्टिवल (RFF)-2025 में सर्वश्रेष्ठ राजस्थानी फिल्म का पुरस्कार 'हुकुम' को दिया गया. इसके अलावा, इसी फिल्म के लिए पंकज सिंह तंवर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया,

⭕ जबकि 'भरखमा' के लिए श्रवण सागर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और 'सपना एक उड़ान' के लिए सुष्मिता राणा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

02. प्रदूषण का कारण बनी खेतों की पराली का इन दिनों जयपुर के सांगानेर में किसके लिए उपयोग हो रहा है?

(A) खिलौने बनाने के लिए

(B) खाद बनाने के लिए

(C) कागज बनाने के लिए

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ पूरे देश में प्रदूषण का कारण बनी खेतों की पराली का इन दिनों जयपुर के सांगानेर में कागज बनाने के लिए उपयोग हो रहा है।

⭕ यहां की इकाइयां किसानी से पराली खरीदकर उसे प्रोसेस कर कागज तैयार कर रही है।

⭕ खास बात यह है कि या पर्यावरण हितैषी कागज न केवल देश के बाजार में, बल्कि यूरोप, यूएसए स्पेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी खूब पसंद किया जा रहा है।

**03. राजस्थान के किस जिले में में आयुर्वेदिक औषधियों के लिए दुनिया का पहला आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के जयपुर में आयुर्वेदिक औषधियों के लिए दुनिया का पहला आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस हेतु केन्द्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर को जिम्मेदारी दी गई है।
- इसके तहत औषधीय पौधों की असल पहचान और गुणों का एक बड़ा डेटाबेस तैयार किया जाएगा।
- जीनोम सीक्वेंसिंग और डीएनए बारकोडिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीक से औषधीय पौधों की गुणवत्ता की जांच होगी।
- यह भारत और विश्व में पहला ऐसा सेंटर होगा, जहाँ औषधीय पौधों के क्षेत्र में अनुसंधान, शैक्षणिक विकास और गुणवत्ता मानकों की स्थापना की जाएगी।
- इस हेतु 9.32 करोड़ रुपए का बजट पहले चरण के लिए मंजूर किया गया है। इस प्रोजेक्ट से घटिया दवाओं पर रोक लगेगी, और उपभोक्ताओं तक सत्यापित और गुणवत्तापूर्ण दवाएं मिल सकेगी।

04. भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने राजस्थान के किस जिले के क्षेत्र कुरातिया व और शाहपुरा में कॉपर व एसोसिएटेड गोल्ड के भंडार मिलने की पुष्टि की?

(A) फलौदी

(B) चूरू

(C) ब्यावर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- ब्यावर में कॉपर और सोने के भंडार मिले हैं। जीएसआई ने सर्वे के बाद केंद्र को दी रिपोर्ट में पुष्टि की।
- अब खान एवं भू-विज्ञान विभाग ने यहां खनन की प्रक्रिया शुरू की है। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण में स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में लौह धातु के भंडार हैं।
- सर्वे के बाद विभाग ने केंद्र को दी रिपोर्ट में कहा है कि कुरातिया व और शाहपुरा में कॉपर और एसोसिएटेड गोल्ड के भंडार मिले हैं।
- इस उपलब्धि के बाद ब्यावर भी प्रदेश के उन जिलों में शामिल होगा जहां लौह धातु के भंडार हैं।

05. राजस्थान में निजी आवासीय छतों पर सब्ज़ी की खेती शुरू करने हेतु 'स्मार्ट सिटी रूफ टॉप फार्मिंग परियोजना' की शुरूआत कहां की गई है

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर में शुरू हुई 'स्मार्ट सिटी रूफ टॉप फार्मिंग परियोजना'

अंतर्राष्ट्रीय उद्यानिकी नवाचार एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्गापुरा, जयपुर द्वारा नगर निगम क्षेत्र में स्थित निजी आवासों की छतों पर सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'स्मार्ट सिटी रूफ टॉप फार्मिंग परियोजना' की शुरूआत की गई है।

- इस योजना के अंतर्गत केवल जयपुर नगर निगम क्षेत्र के निजी आवासीय भवनों के स्वामी ही आवेदन कर सकते हैं।
- रूफ टॉप यूनिट निर्माण की कुल अनुमानित लागत 53 हजार 619 रूपए है। इसमें से 70 प्रतिशत (37हजार 534 रूपए) की राशि अनुदान के रूप में सरकार द्वारा वहन की जाएगी जबकि शेष 30 प्रतिशत (16 हजार 085 रूपए) राशि लाभार्थी को स्वयं वहन करनी होगी।
- परियोजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है।

06. राजस्थान सरकार द्वारा 26 सितंबर को प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन कहां किया गया ?

(A) हैदराबाद

(B) नई दिल्ली

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- प्रवासी राजस्थानियों को मातृभूमि से जोड़ने तथा निवेश में और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रवासी राजस्थानी नीति-2025 भी लागू होगी
- 26 सितंबर को हैदराबाद में प्रमुख समाजसेवी व प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद हेतु राजस्थान सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन किया गया
- मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 10 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित होने वाले पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस में कला, संस्कृति, विज्ञान व्यवसाय और सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने हैदराबाद में ही जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीटो) के उद्यमियों से भी संवाद किया तथा जीटो कनेक्ट 2025 पोस्टर का विमोचन किया

07. राजस्थान पुलिस द्वारा सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा कब शुरू किया गया ?

(A) 1 सितम्बर 2025

(B) 31 अगस्त 2025

(C) 15 अगस्त 2025

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है
- राजस्थान पुलिस द्वारा  द्वारा इसका आयोजन- 1 से 15 सितंबर 2025 तक किया जाएगा
- इस पखवाड़े के तहत सुरक्षा सखियां घर-घर जाकर महिलाओं को सुरक्षा एवं कानूनी अधिकारो के बारे में जानकारी देगी।
- इस संवाद पखवाड़ा का उद्देश्य राज्य में महिला और बालिकाओं में स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना, उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा स्थानीय पुलिस से संवाद स्थापित करना है।
- राजस्थान पुलिस के डीजीपी- राजीव शर्मा

08. राजस्थान में किस जिले की प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सुमन बिस्सा को राजस्थानी पद्य पुरस्कार मिलेगा?

(A) जोधपुर

(B) उदयपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जोधपुर की प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सुमन बिस्सा को राजस्थानी पद्य पुरस्कार
- पुरस्कार – उनकी पुस्तक 'अंतस रा सुर सांतरा' के लिए
- ये पुरस्कार उन्हें अगले माह बीकानेर में होने वाले समारोह में प्रदान किया जाएगा
- रोटरी क्लब बीकानेर की ओर से इस सम्बन्ध में राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की गई।

**09. हाल ही में भारत ने ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स पर आपसी मान्यता व्यवस्था (MRA) के तहत किस देश के साथ समझौता किया है?**

(A) ऑस्ट्रेलिया

(B) न्यूजीलैंड

(C) जर्मनी

(D) जापान

**Important Facts:**

- 24 सितंबर 2025 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स पर Mutual Recognition Arrangement (MRA) पर हस्ताक्षर किए।
- यह India–Australia Economic Cooperation and Trade Agreement (ECTA) के तहत हुआ।
- इस व्यवस्था से दोनों देशों में ऑर्गेनिक प्रमाणन मानकों की पारस्परिक मान्यता होगी, जिससे फालतू निरीक्षण (redundant inspections) घटेंगे और व्यापार प्रक्रियाएँ आसान होंगी।

**10. भारत की पहली विदेशी डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट किस देश में स्थापित की गई है?**

(A) मिस्त्र

(B) सऊदी अरब

(C) मोरक्को

(D) यूएई

**Important Facts:**

- भारत ने अपनी पहली विदेशी रक्षा विनिर्माण इकाई मोरक्को के बेरेशिद (Berrechid) शहर में स्थापित की है।
- इसे टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) ने बनाया है।
- यह संयंत्र 20,000 वर्ग मीटर में फैला है और मोरक्को की सबसे बड़ी रक्षा निर्माण इकाई है।
- यह कदम भारत की वैश्विक रणनीतिक पहुँच (global strategic outreach) और रक्षा निर्यात महत्वाकांक्षाओं को नई दिशा देगा

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी का कार्यकाल कितने महीने के लिए बढ़ा दिया गया है?**

(A) 2 महीने

(B) 3 महीने

(C) 6 महीने

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine